# निर्यात में एमएसएमई का 49 फीसद योगदान : सचान

लखनऊ, संवाददाता। गोमतीनगर के भागीदारी भवन में एमएसएमई विकास आधारित राष्ट्रीय कार्यशाला और औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने की बात कही।

मंत्री सचान ने कहा कि निर्यात में एमएसएमई का 49 फीसदी योगदान है। गांवों में बिजली पहुंचाने का काम यूपी सरकार कर रही है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार सोलर ऊर्जा, सोलर पंप को प्रोत्साहित कर रही है। मंत्री ने कहा कि पीएम की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा तकनीकी कार्य करने वाले लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। एमएसएमई विकास कार्यालय कानपुर व सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से भागीदारी भवन में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण समेत अन्य अतिथियों ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कानपुर विकास कार्यालय के संयुक्त निदेशक विष्णु कुमार वर्मा ने की।